*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

# हिंदी विश्वविद्यालय स्थापना दिवस समारोह मंगलवार से
# केंद्रीय मानव संसाधन विकास राज्यमंत्री डॉ. महेंद्रनाथ पाण्डेय होंगे मुख्य अतिथि
# हिंदी साहित्यकारों को दिया जाएगा 'हिंदी सेवी सम्मान'
# पुस्तक मेला, युवारंगोत्सव,फिल्मोत्सव,प्रश्नोत्तरी,वादविवाद,मंथन, नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का उत्सव
# खाना खज़ाना में होंगे देश-विदेश के व्यंजन

वर्धा, 23 दिसंबर 2016: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के 19वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय परिसर में 27 से 31 दिसंबर के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों एवं



उपक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय हर वर्ष अपना स्थापना दिवस बड़े धुमधाम से मनाता है और हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे पांचों दिनों में यह उत्सव मनाया जाएगा।

वैसे तो स्थापना दिवस के आयोजन 27 दिसंबर से ही शुरू हो रहे है, परंतु मुख्य कार्यक्रम 29 दिसंबर को आयोजित है। इस वर्ष के स्थापना दिवस समारोह के लिए मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मानव संसाधन राज्यमंत्री डॉ. महेंद्रनाथ पाण्डेय को निमंत्रित किया गया है। कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र की अध्यक्षता में पूर्वाह्न 11.00 बजे आयोजित समारोह में प्रख्यात साहित्यकार डॉ. इंद्रनाथ चौधुरी मुख्य वक्ता होंगे। कार्यक्रम में स्वागत वक्तव्य प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा देंगे। मुख्य कार्यक्रम के सभा मंडप को प्रख्यात साहित्यकार जयशंकर प्रसाद का नाम दिया गया है। इस वर्ष का हिंदी सेवी सम्मान डॉ. इंद्रनाथ चौधुरी, दिल्ली, डॉ. रंजना अरगड़े, अहमदाबाद, डॉ. टी. आर. भट्ट, कर्नाटक, डॉ. चंद्रकांत पाटिल, औरंगाबाद एवं डॉ. अमिताभ शंकर राय चौधरी, उत्तर प्रदेश को दिया जाएगा।

27 दिसंबर को 'पुस्तक मेला : सबद निरंतर' का उदघाटन होगा। प्रख्यात साहित्यकार डॉ. सूर्यबाला समारोह की मुख्य अतिथि होंगी। समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र करेंगे। प्रो. तात्याना ओरांसकाइया, प्रो.कुमुद शर्मा, श्री नारायण कुमार तथा प्रो. आनंद वर्धन शर्मा के सान्निध्य में समता भवन के प्रांगण में समारोह संपन्न होगा। पुस्तक मेले में देशभर के 40 से अधिक प्रकाशक अपने स्टॉल्स लगाएंगे।

27 दिसंबर को युवा रंगोत्सव होगा जिसमें विवि के विद्यार्थियों द्वारा तैयार नाट्य प्रस्तुतियों की प्रतियोगिता होगी। 28 को फिल्मोत्सव में विद्यार्थी लघु फिल्मों का प्रदर्शन करेंगे तथा उनकी प्रतियोगिता होगी। सायं 6.00 बजे 'कहाँ गए गांधी' लघु नाटिका और उसके बाद काव्य संध्या का आयोजन ग़ालिब सभागार में होगा।

29 दिसंबर को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता होगी जिसमें विवि के तथा अन्य महाविद्यालयों के विद्यार्थी सहभागी होंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम सायं 6.00 बजे होगा जिसमें पं. बलदेवराज वर्मा का खयाल गायन तथा पं. संजीव शंकर एवं पं. अश्विनी शंकर का शहनाई वादन होगा। रात 8.00 बजे दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र नागपुर के कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। 30 दिसंबर को सुबह 10.00 बजे वाद-विवाद प्रतियोगिता और दोपहर 3.00 बजे मंथन कार्यक्रम होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में 'दूतवाक्यम' संस्कृत नाटक होगा। पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, कोलकाता के कलाकार अपनी प्रस्तुति देगे।

31 दिसंबर को दोपहर 3.00 बजे खाना-खज़ाना का उदघाटन वर्धा के सांसद रामदास तडस करेंगे। समता भवन के प्रांगण में लगभग 40 से अधिक स्टालों पर रात 10.00 बजे तक देश-विदेश के विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का आस्वाद लिया जा सकेगा। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का सांस्कृतिक कार्यक्रम सायं 6.00 बजे से जयशंकर प्रसाद सभा मंडप में होगा। इन कार्यक्रमों के अलावा विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से 29 को सुबह 8.00 बजे से रक्त दान शिविर एवं स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाया जाएगा। जिला सामान्य अस्पताल, वर्धा का इसमें विशेष सहयोग रहेगा। शिविर का उदघाटन जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुरूषोत्तम मडावी की उपस्थिति में किया जाएगा। विश्वविद्यालय की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने की दृष्टि से एक प्रदर्शनी भी लगायी जाएगी जिसमें विवि के विभिन्न विभाग अपनी सहभागिता करेंगे।

विश्वविद्यालय 19 वें के स्थापना दिवस की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है और विश्वविद्यालय को रंगरोगन के साथ सजाया जा रहा है। पांच दिनों के कार्यक्रमों में देशभर के कलाकारों की प्रस्तुतियों का लुप्त उठाया जा सकता है। इन कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने की अपील विश्वविद्यालय की ओर से की गयी है।

## हिंदी विश्वविद्यालयाचा स्थापना दिवस सोहळा मंगळवारपासून
## केंद्रीय मनुष्यबळ विकास राज्यमंत्री डॉ. महेंद्रनाथ पांडे प्रमुख पाहुणे
## हिंदी साहित्यकांना 'हिंदी सेवी सम्मान' देणार
## पुस्तक मेळावा, युवा रंगोत्सव,फिल्मोत्सव,प्रश्नोत्तरी,वादविवाद,मंथन, नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रमांची मेजवानी
## खाना-खजानामध्ये देश-विदेशातील व्यंजने

वर्धा, 23 डिसेंबर 2016: महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय आपला 19वा स्थापना दिवस पाच दिवसीय भव्य आयोजनाने साजरा करणार आहे. 27 ते 31 डिसेंबर दरम्यान होणा-या या उत्सवात विविध कार्यक्रम आणि उपक्रमांचे आयोजन गांधी हिल्सवर करण्यात येत आहे.

27 रोजी ग्रंथ महोत्सवाच्या उदघाटनाने कार्यक्रमाचा प्रारंभ होत असला तरी मुख्य कार्यक्रम 29 ला होणार आहे. केंद्रीय मानव संसाधन विकास राज्यमंत्री डॉ. महेंद्रनाथ पांडे यांना कार्यक्रमाचे प्रमुख पाहुणे म्हणून निमंत्रित करण्यात आले आहे. कुलगुरु प्रो. गिरीश्वर मिश्र यांच्या अध्यक्षतेखाली सकाळी 11.00 वा. आयोजित कार्यक्रमात डॉ. इंद्रनाथ चौधुरी मुख्य वक्ता असतील. स्वागत वक्तव्य प्रकुलगुरु प्रो. आनंद वर्धन शर्मा देतील. यावेळी हिंदीची सेवा करणा-या साहित्यिकांना 'हिंदी सेवी सन्मान प्रदान करण्यात येणार आहे. हा सन्मान डॉ. इंद्रनाथ चौधुरी, दिल्ली, डॉ. रंजना अरगड़े, अहमदाबाद, डॉ. टी. आर. भट्ट, कर्नाटक, डॉ. चंद्रकांत पाटिल, औरंगाबाद आणि डॉ. अमिताभ शंकर राय चौधरी, उत्तर प्रदेश यांना देण्यात येणार आहे.

27 रोजी दुपारी 3.00 वा. पुस्तक प्रदर्शनाचे उदघाटन कुलगुरु प्रो.गिरीश्वर मिश्र या अध्यक्षतेखाली होईल. साहित्यिक डॉ. सूर्यबाला प्रमुख पाहुण्या असतील. प्रो. तात्याना ओरांसकाइया, प्रो.कुमुद शर्मा, श्री नारायण कुमार तथा प्रो. आनंद वर्धन शर्मा प्रामुख्याने उपस्थित राहतील. पुस्तक प्रदर्शनात 40 हून अधिक स्टॉल्स राहतील.

27 ला युवा रंगोत्सव होईल यात विद्यार्थ्यांनी सादर केलेल्या नाटकांची स्पर्धा होईल. 28ला फिल्मोत्सव मध्ये विद्यार्थी लघु चित्रपटांचे सादरीकरण करतील. सायंकाळी 6.00 वा. 'कहाँ गए गांधी' लघु नाटिका आणि त्यानंतर काव्य संध्या चे आयोजन ग़ालिब सभागृहात करण्यात येणार आहे.

29 डिसेंबर रोजी प्रश्नोत्तरी स्पर्धा घेण्यात येईल. यात शहरातील विविध महाविद्यालयांचे विद्यार्थी सहभागी होतील. सांस्कृतिक कार्यक्रम सायंकाळी 6.00 होईल. पं. बलदेवराज वर्मा यांचे खयाल गायन आणि पं. संजीव शंकर व पं. अश्विनी शंकर यांचे शहनाई वादन यावेळी होईल. रात्री 8.00 वा. दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र नागपूरचे कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रम सादर करतील. 30 रोजी सकाळी 10.00 वा. वाद-विवाद स्पर्धा घेण्यात येईल. दुपारी 3.00 वा. 'मंथन' कार्यक्रम होईल. सांस्कृतिक कार्यक्रमात 'दूतवाक्यम' संस्कृत नाटक आणि त्यानंतर पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, कोलकाता येथील कलाकार कार्यक्रम सादर करतील.

31 डिसेंबरला दुपारी 3.00 वा. खाना-खजानाचे उदघाटन वर्धेचे खासदार रामदास तडस यांच्या हस्ते करण्यात येईल. समता भवनाच्या प्रांगणात 40 हून अधिक स्टॉल्सच्या माध्यमातून देश-विदेशातील व्यंजनांचा आस्वाद रात्री 10 पर्यंत चालणा-या खाना खजानातून घेता येईल. या दरम्यान विश्वविद्यालयाचे विद्यार्थी सांस्कृतिक कार्यक्रम सादर करतील. हा कार्यक्रम सायंकाळी 6.00 वा. जयशंकर प्रसाद सभा मंडपात होईल. या कार्यक्रमांशिवाय राष्ट्रीय सेवा योजनेच्या वतीने व जिल्हा सामान्य रूग्णालय, वर्धेच्या सहकार्याने 29 डिसेंबर रोजी सकाळी 8.00 पासून रक्त दान शिबिर आणि आरोग्य तपासणी शिबिर घेण्यात येणार आहे. जिल्हा आरोग्य अधिकारी डॉ. पुरूषोत्तम मडावी यांची यावेळी विशेष उपस्थिती राहील. विश्वविद्यालयाची वाटचाल या विषयावर एक प्रदर्शनही लावण्यात येणार आहे. पाच दिवसीय

सोहळयाची जोरदार तयारी विश्वविद्यालय परिसरात सुरू असून या सोहळयात मोठया संख्येने सहभागी व्हावे असे आवाहन विश्वविद्यालयाच्या वतीने करण्यात आले आहे.